नईदुनिया

तीस फीट गहरे कुएँ में गिरा तेंदुआ, सुरक्षित रेस्क्यू

- रस्सी के सहारे पिंजरा कुएँ में उतारकर निकाला बाहर
- 15 दिन वन विहार में रहेगा क्वारेंटाइन



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी से करीब 20 किलोमीटर दूर सागोनी जोरा गांव में बुधवार सुबह एक तेंदुआ 30 फीट गहरे कुएं में गिर गया।

सुबह करीब 11 बजे खेत मालिक करण सिंह जब खेत पहुंचे तो उन्हें कुएं के अंदर तेंदुआ दिखाई दिया। उन्होंने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। इसके बाद डीएफओ लोकप्रिय भारती टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग और वन विहार राष्ट्रीय उद्यान की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान शुरू किया। कुएं से पानी खाली कराने के बाद तेंदुआ अंदर बनी कुएं के भीतर एक पत्थर पर बैठ गया था। इसके बाद खटिया की मदद से पिंजरे को कुएं में उतारा गया। दोपहर 1:30 बजे शुरू हुए रेस्क्यू में रस्सी के सहारे पिंजरा नीचे पहुंचाया गया, जिसमें तेंदुआ सुरक्षित आ गया। इसके बाद उसे रेस्क्यू वाहन से वन विहार ले जाया गया। वन विहार की डिप्टी डायरेक्टर रूही हक के अनुसार, तेंदुए का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया है। फिलहाल उसकी स्थिति ठीक है। उसे करीब 15 दिन तक क्वारेंटाइन रखा जाएगा। इसके बाद जंगल में छोड़ने पर विचार किया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार, घटनास्थल मैदानी इलाका है, इसलिए शिकार का पीछा करते हुए तेंदुए के कुएं में गिरने की आशंका कम है।

डॉ. यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस की दीं शुभकामनाएं

नप्र, भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम ही नहीं, बल्कि सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण का आधार है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि आइए, राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर गुणवत्तापूर्ण एवं सर्वसमावेशी शिक्षा के प्रसार और प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा के अवसर पहुंचाने का संकल्प लें।

कृपलानी की जयंती पर किया नमन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रखर चिंतक आचार्य जेबी कृपलानी की जयंती पर पुण्य स्मरण कर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एक्स' पर कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में श्रद्धेय कृपलानी जी का योगदान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अविस्मरणीय है।

19 नवंबर से सजेगा महिला हॉकी का महाकुंभ, छह देशों की टीमें लेंगी हिस्सा

- पहली बार मध्य प्रदेश करेगा एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी
- खेल मंत्री विश्वास सारंग ने किया लोगो और ट्रॉफी का अनावरण



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी में 19 से 28 नवंबर तक एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2026 का आयोजन होगा। मध्य प्रदेश पहली बार इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा।

अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाले मुकाबलों में भारत सहित छह देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें जापान, चीन, मलेशिया, कोरिया और थाईलैंड शामिल हैं। बुधवार को खेल मंत्री विश्वास सारंग ने टीटी नगर स्टेडियम में प्रतियोगिता के आधिकारिक लोगो और ट्रॉफी का अनावरण किया। साथ ही ट्रॉफी टूर का शुभारंभ किया। यह 11 से 19 नवंबर तक प्रदेश के सभी संभागों में पहुंचेगी।

प्रतिदिन होंगे तीन मुकाबले

प्रतियोगिता के सभी मुकाबले फ्लड लाइट में खेले जाएंगे। प्रतिदिन तीन मैच होंगे। दर्शकों के लिए प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। प्रतियोगिता का 166 देशों में सीधा प्रसारण किया जाएगा। भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 19 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ खेलेगी। भारतीय टीम की कप्तानी सलीमा टेटे करेंगी।

खेल के साथ दिखेगी जनजातीय संस्कृति

आयोजन स्थल पर जनजातीय व्यंजन, हस्तशिल्प और लोककलाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के प्रथम चरण का लोकार्पण भी होगा।

पूर्व मुख्य सचिव एवी सिंह का निधन, 83 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

नप्र, भोपाल : मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव और राज्य निर्वाचन आयुक्त आदित्य विजय (एवी) सिंह का बुधवार को 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के कार्यकाल में मुख्य सचिव रहे थे। 22 अक्टूबर 1943 को जन्मे एवी सिंह 1970 बैच के आईएएस अधिकारी थे। उन्होंने मार्च 2002 से जनवरी 2004 तक मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभाली। इससे पहले वे ग्वालियर और भोपाल के कलेक्टर भी रहे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें राज्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया था। वे लंबे समय से किडनी की बीमारी से पीड़ित थे।



डॉ. यादव ने किया दुःख व्यक्त

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मुख्य सचिव एवी सिंह के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि श्री सिंह ने प्रशासनिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण सेवाएं दीं। मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की सामर्थ्य देने की प्रार्थना की है।

मध्य प्रदेश में डेढ़ लाख पदों पर होगी सीधी भर्ती अनुकंपा नियुक्ति के लिए चलेगा विशेष अभियान

- मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने कर्मचारी कल्याण की समीक्षा की
- 2027 में दो राज्य सेवा परीक्षाओं का कैलेंडर तय
- 25 नवंबर तक विभागों से मांगे भर्ती प्रस्ताव



राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः मध्य प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति, अनुकंपा नियुक्ति और सीधी भर्ती की प्रक्रिया तेज की जाएगी। मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने बुधवार को मंत्रालय में वरिष्ठ अधिकारियों और विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर कर्मचारी कल्याण से जुड़े मामलों की समीक्षा की।

उन्होंने सभी लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि अब तक 68,437 शासकीय कर्मचारियों को पदोन्नति दी जा चुकी है, जबकि विभिन्न विभागों में अनुकंपा नियुक्ति के 2,300 से अधिक मामले लंबित हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने सर्वाधिक 904 अनुकंपा नियुक्तियां की हैं। मुख्य सचिव ने लंबित मामलों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा।

2027 में दो राज्य सेवा परीक्षाएं

वर्ष 2027 में नियमित और विशेष राज्य सेवा परीक्षा आयोजित की जाएंगी। नियमित परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा जनवरी और मुख्य परीक्षा जून में प्रस्तावित है। विशेष परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा मई और मुख्य परीक्षा सितंबर में होगी। विभागों को नियमित परीक्षा के लिए 25 नवंबर तक और विशेष परीक्षा के लिए 15 मार्च तक भर्ती प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में विभागीय जांच, पेंशन प्रकरणों और सरकारी सेवाओं की निगरानी के लिए विकसित किए जा रहे डैशबोर्ड की भी समीक्षा की गई।

डेढ़ लाख पदों पर भर्ती की तैयारी

मुख्य सचिव ने पदोन्नति और सेवानिवृत्ति से रिक्त पदों पर सीधी भर्ती शुरू करने के निर्देश दिए। करीब डेढ़ लाख पदों पर भर्ती की प्रक्रिया मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से की जाएगी। अब तक आयोग को 6,588 और कर्मचारी चयन मंडल को 17,299 पदों के प्रस्ताव भेजे गए हैं।

विधायकों के लंबे सवालों को एआई से छोटा करेगी विधानसभा

- विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने नेवा और निक्सी के अधिकारियों के साथ की बैठक
- डिजिटल और आधुनिक व्यवस्था विकसित करने पर जोर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश विधानसभा में विधायकों के लंबे सवालों को संक्षिप्त और व्यवस्थित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग किया जाएगा।

इसके लिए विधानसभा अधिकारियों को तकनीक का प्रदर्शन भी दिया गया। इसमें बताया गया कि प्रश्नावली में लंबे सवाल आने पर एआई की मदद से उन्हें किस तरह छोटा किया जा सकता है। इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने बुधवार को विधानसभा परिसर में नेवा (नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन) और निक्सी के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें सदन की कार्यप्रणाली को डिजिटल और आधुनिक बनाने के लिए एआई तथा तकनीक के प्रभावी उपयोग पर चर्चा हुई।

बैठक में सदन की कार्यवाही को अधिक पारदर्शी, सुगम और तकनीक आधारित बनाने पर विचार किया गया। एआई के माध्यम से विधानसभा की विभिन्न प्रक्रियाओं को सरल, प्रभावी और स्वचालित बनाने की संभावनाएं भी तलाशी गईं। इस दौरान नेवा प्रणाली के संचालन में सामने आ रही व्यावहारिक समस्याओं और तकनीकी दिक्कतों की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने इनके समाधान के विकल्पों पर चर्चा की। साथ ही विधानसभा के डिजिटल परिवर्तन के लिए आधुनिक तकनीकी संसाधनों को अपनाने और आगे की कार्ययोजना तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया।

अभी पढ़ी नहीं है किताब, एक बार जरूर पढ़ूँगा

सोनिया की किताब में कई घटनाओं का जिक्र नहीं: धामी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को भोपाल पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी की किताब में भोपाल गैस त्रासदी के उल्लेख को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि किताब में कई घटनाओं का जिक्र है, जबकि कुछ घटनाओं का उल्लेख नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि अभी उन्होंने यह किताब नहीं पढ़ी है, केवल इसके बारे में सुना है। वे इसे एक बार जरूर पढ़ेंगे और समझेंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन पर सोनिया गांधी की टिप्पणी को लेकर धामी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति हमेशा तुष्टीकरण और वोट बैंक पर केंद्रित रही है। पार्टी ने 60 साल तक सत्ता में रहते हुए देश की सुरक्षा और सैनिकों के मनोबल को बढ़ाने पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का विजन दुनिया को प्रभावित कर रहा है। देश अंतरिक्ष और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में भी लगातार आगे बढ़ रहा है।

शहडोल में 10 डिग्री से नीचे आया पारा, रात में बरकरार रहेगी सिहरन

दो दिन बाद बादल आने से बढ़ सकता है रात का तापमान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः वातावरण में नमी कम रहने के कारण प्रदेश में मौसम लगातार शुष्क बना हुआ है। आसमान साफ बना रहने और उत्तर भारत की तरफ से आ रही शीतल हवाओं के कारण रात में सिहरन बरकरार है।

इसी क्रम में बुधवार को रात का सबसे कम 9.9 डिग्री सेल्सियस तापमान शहडोल में दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अभी एक-दो दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना कम है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान एवं उसके आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। इसके साथ एक द्रोणिका भी संबद्ध है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं उसके आसपास हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात मौजूद है। इस चक्रवात से लेकर उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी तक एक द्रोणिका बनी हुई है। जो झारखंड, पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्र एवं ओडिशा से होकर जा रही है। इसके अतिरिक्त दक्षिण अंडमान सागर एवं उसके आसपास हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इसके प्रभाव से 13 नवंबर को दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। साथ ही उसके उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए 14 नवंबर तक गहरे कम दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित होने के भी संकेत मिल रहे हैं।

मौसम विज्ञानी एसएन साहू ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण हवाओं का रुख बदलने से फिलहाल न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना कम है। मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से गुरुवार से उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में वर्षा के साथ बर्फबारी होने के आसार हैं। वहां के मैदानी क्षेत्रों में भी गरज-चमक के साथ वर्षा होने और ओलावृष्टि की भी आशंका है। इस दौरान शुक्रवार से मध्य प्रदेश में कुछ बादल आ सकते हैं। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने के बाद प्रदेश में एक बार फिर सिहरन बढ़ने लगेगी।

प्रदेश को एक दिसंबर से मिलेगा नया डीजीपी 20 नवंबर को तय होगा तीन नामों का पैनल

- यूपीएससी की बैठक में 12 आईपीएस अधिकारियों के नामों पर होगा विचार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश को एक दिसंबर से नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मिलेगा। नए डीजीपी के चयन के लिए 20 नवंबर को दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की बैठक होगी। इसमें राज्य सरकार की ओर से भेजे गए 12 आईपीएस अधिकारियों के नामों में से तीन नामों का पैनल तैयार किया जाएगा।

बैठक में यूपीएससी के अध्यक्ष या उनके प्रतिनिधि, मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव गृह संजय शुक्ला और डीजीपी कैलाश मकवाणा शामिल होंगे। पैनल में वरुण कपूर, उपेंद्र जैन और प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव के नाम शामिल होने की संभावना है। इनके अलावा पंकज श्रीवास्तव के नाम पर भी विचार हो सकता है।

मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद होगा फैसला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 23 नवंबर को निवेशकों को आमंत्रित करने विदेश दौरे पर जाने वाले हैं। ऐसे में उनके दौरे से पहले नए डीजीपी के नाम पर अंतिम फैसला होने की संभावना है। तीन नामों के पैनल में से मुख्यमंत्री किसी एक अधिकारी के नाम को मंजूरी देंगे। इसके बाद गृह विभाग नियुक्ति आदेश जारी करेगा।

दो साल का होगा कार्यकाल

नवनियुक्त डीजीपी एक दिसंबर से कार्यभार संभालेंगे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार उनका कार्यकाल कम से कम दो साल का होगा। फिलहाल कैलाश मकवाणा प्रदेश के डीजीपी हैं।

पटवा की जयंती पर विधानसभा में पुष्पांजलि



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पूर्व मुख्यमंत्री एवं पद्म विभूषण से सम्मानित स्वर्गीय सुंदरलाल पटवा की जयंती पर बुधवार को विधानसभा के सेंट्रल हॉल में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र पटवा और भगवानदास सबनानी ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान स्वर्गीय पटवा के परिवारजन भी उपस्थित रहे।

विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी सुंदरलाल पटवा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया नमन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा की जयंती पर मुख्यमंत्री निवास में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि स्व. पटवा का सार्वजनिक जीवन सेवा, दृढ़ संकल्प और कर्मठता की प्रेरणा देता है। मध्यप्रदेश के विकास में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। मीडिया से चर्चा में डॉ. यादव ने कहा कि स्व. पटवा कुशल संगठनकर्ता, सहज और सरल व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी प्रशासनिक दक्षता और कार्यशैली ने उन्हें विशिष्ट पहचान दिलाई। उन्होंने वीआईपी रोड के निर्माण में स्व. पटवा और पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर की महत्वपूर्ण भूमिका का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार स्व. पटवा के दिखाए जनसेवा और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ती रहेगी। उल्लेखनीय है कि सुंदरलाल पटवा दो बार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने 1980 और 1990 से 1992 तक प्रदेश का नेतृत्व किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी का माना आभार

नप्र, भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रबी सीजन 2026-27 के लिए फॉस्फेट एवं पोटाश उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों और कच्चे माल की कीमतों के रुझानों को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इससे डीएपी सहित पीएंडके श्रेणी के 28 प्रकार के उर्वरक रियायती दरों पर उपलब्ध होंगे। इस निर्णय से किसानों को कृषि लागत कम करने में मदद मिलेगी।

प्रदेश के 12 जिलों में चोरी और नकबजनी के मामलों का खुलासा

पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 10 दिन में 1.13 करोड़ की चोरी की संपत्ति जब्त

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश पुलिस ने चोरी और नकबजनी की घटनाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पिछले 10 दिनों में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 1 करोड़ 13 लाख 45 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है।

पुलिस ने कई मामलों का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त संपत्ति में सोने-चांदी के आभूषण, नकदी, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोटर पंप और लोहे के पाइप शामिल हैं। टीकमगढ़ में पुलिस ने पाइप चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 58 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की।



झाबुआ के पेटलावद में दंपती से लूट के मामले में छह आरोपियों को पकड़कर 18.52 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की गई। ग्वालियर में नकबजनी के मामले में करीब 12 लाख रुपये के आभूषण जब्त किए गए। खरगोन में दो आरोपियों से आठ लाख रुपये की संपत्ति बरामद हुई। छतरपुर में दो अलग-अलग मामलों में करीब 5.50 लाख रुपये के आभूषण जब्त किए गए। जीआरपी भोपाल ने ट्रेन के प्रथम श्रेणी वातानुकूलित कोच में चोरी करने वाले दो आरोपियों से आईफोन, आईपैड सहित 2.63 लाख रुपये का सामान बरामद किया।

समारोह *126 गांवों को मिलेगी सिंचाई की सौगात...*

बिरसा मुंडा जयंती पर धार में होगा राज्यस्तरीय समारोह

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भगवान बिरसा मुंडा की जयंती (राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस) पर प्रदेश में 14 से 16 नवंबर तक राज्यस्तरीय समारोह आयोजित किए जाएंगे।

14 नवंबर को जबलपुर, 15 नवंबर को धार और जोबट तथा 16 नवंबर को खंडवा में कार्यक्रम होंगे। धार में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर संबोधित करेंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 नवंबर को धार पहुंचकर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री जिले में रोड-शो कर ग्रामीणों से संवाद करेंगे और शासकीय योजनाओं के लाभ का फीडबैक लेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को स्वामित्व अधिकार भी दिलाए जाएंगे।

डॉ. यादव डही माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण भी करेंगे। करीब 1353.18 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस परियोजना से धार और आलीराजपुर जिले के 126 गांवों की लगभग 47 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। इससे करीब 1.26 लाख किसान लाभान्वित होंगे। परियोजना के तहत नर्मदा जल को भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से खेतों तक पहुंचाया जाएगा। किसानों को आधुनिक खेती के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 11 से 15 नवंबर तक 85 ग्राम पंचायतों में कृषि चौपाल और कृषि पाठशालाएं आयोजित की जाएंगी।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com